चिंगट और मछली आनायों से विभिन्न अनुगभीर क्षेत्रों का विदोहन किया गया । चिंगट अनायों की प्रचालन गहराई 5.30 मी में सीमित किया जिनका मुख्य लक्ष्य झींगा संग्रहण था और अधिक प्रचालित क्षेत्र 8-15 मी गहराई का था । मछली आनायों का प्रचालन 30-100 मी गहराई में किया था और अधिकतर ध्यान 40-65 मी गहराई के प्रचालन में केंद्रीकृत किया था । तथापि 1986-88 की अवधि में प्राप्त झींगों का 70% मछली आनायों के ज़रिए प्राप्त हुआ था । चिंगट आनायों के ज़रिए 1986-87 में वार्षिक चिंगट अवतरण प्रति घंटे 2.43 कि ग्रा की दर पर 107.7 टन और 1987-88 में प्रति घंटे 4.95 कि ग्रा की दर पर 193.2 टन आकलित किया था जिसका औसत प्रति घंटे 3.16 कि ग्रा पर 150.5 टन था जब कि 1986-87 की अवधि में मछली आनायों द्वारा झींगा अवतरण प्रति घंटे 3.60 कि ग्रा की दर पर 244.9 टन और 1987-88 में प्रति घंटे 11.45 कि ग्रा की दर पर 467.6 टन आकलित किया था जिसका औसत प्रति घंटे 6.55 कि ग्रा की दर पर 356.3 टन था । चिंगट आनायों का माहिक अवतरण 0.6-64.1 टन में उतार - चढाव दिखाया और जून-सितंबर और दिसंबर-जनवरी में प्रति एकक प्रयास पकड प्रति घंटे एक कि ग्रा की दर पर 0.62-16.5 कि ग्रा थी । मछली आनायों ने प्रति घंटे एक कि ग्रा की दर पर 0.28-26.61 प्रति एकक प्रयास पकड के साथ 1.3-152 टन के बीच उच्चतर उतार-चढाव दिखाया । इसका एक ही श्रृंगकाल अप्रैल-सितंबर की अवधि था ।

जाति मिश्रण और झुकाव

पेनिअस इन्डिकस, पी. मेरग्युन्सिस, पी. सेमिसुलकाटस, पी. मोनोडोन, पी. जापोनिकस, पी.कानालिकुलाटस, पी.लाटिसुल्काटस, मेटापेनिअस डोबसोनी, एम. मोनोसिरोस, एम.अफिनिस, एम. मोयीबी, एम. ब्रिविकोरनिस, एम. लिसिनास्सा, मेटापेनियोप्सिस मोगिन्सिस, एम. स्ट्रिडुलन्स, एम. बारबटा, एम.हिलारुला, पारापेनियोप्सिस माक्सिल्लिपेडो, पी. स्टाइलिफेरा, पी. कोरनूटा, पी. कोरामन्डालिका, पी.अंक्टा, पी.आक्सिलिवाइरोस्ट्रिस, पी.स्कलप्टिलिस, ट्राचिपेनिअस करविरोस्ट्रिस, पी. पेस्काडोरीनसिस, टी. सेडिलि और टी. आस्पेट अवतरण में उपस्थित थी। इनके अतिरिक्त *सालेनोसिरा क्रास्सिकोरनिकस, एस. चोप्रा, पारापेनिअस लोंगिपेस, अद्योपेनिअस स्टीनोडाक्टिलस, हिप्पोलिस्टामा एनसिरोस्ट्रिस और सियोनिया लान्सिफर* भी छोटी मात्रा में पायी जाती थी ।

पी. इन्डिकस, एम.डोबसोनी, एम.मोनोसिरोस और *पी. सेमिसुलकाटस* वाणिज्यिक प्रमुख थी । बाद में *पी. इन्डिकस* और *एम. मोनोसिरोस* की मात्स्यकी में विचारणीय घटती हुई । 1986-88 में *मेटापेनियोप्सिस* और *ट्राचिपेनिअस* जाति प्रचुर थी । *एम. अफिनिस* और *पी. स्टाइलिफेरा* की विचारणीय घटती हुई जब कि *पी. माक्सिल्लिपेडो* इन सालों के बीच कहने योग्य वृद्धि प्राप्त की थी।

चिंगट आनाय और मछली आनाय के पकड मिश्रण और

प्रचुरता असाधारण विभिन्नता दिखायी । तटवर्ती जलक्षेत्रों से चिंगट आनायों द्वारा प्राप्त पकड में *पी. इन्डिकस, एम.डोबसोनी* और *पी. माक्सिल्लिपेडो* मानसूनपूर्व सितंबर *और* मानसूनोत्तर दिसंबर-जनवरी के दो श्रृंगकाल के साथ प्रमुख थी । मछली आनायों की पकड में *एम. मोगिन्सिस, एम.स्ट्रिडुलन्स, एम.मोनोसिरोस, टी.करविरोस्ट्रिस* और *टी. पेस्काडोरीनसिस* प्रमुख थी । *पी.सेमिसुलकाटस* और *पी. मोनोडोन* भी गहरे क्षेत्रों से भारी मात्रा में प्राप्त हुई थी ।

पी. इन्डिकस

यह सबसे अधिक आय कमाने वाली जाति थी और 1972-74 की अवधि में प्रचुरता में भी आगे थी । इस अवधि में इसका वार्षिक अवतरण 79.4 टन (झींगों का 36.6%) था । लेकिन 1986-88 की अवधि में इसकी पकड घटकर 40.2 टन (7.6%) हो गयी । तटवर्ती जलक्षेत्रों से इस जाति भारी मात्रा में प्राप्त हुई थी । इस क्षेत्र से चिंगट आनाय और मछली आनाय द्वारा झींगा अवतरण क्रमशः 23.8% और 1.2% था । माहिक अवतरण 1972-74 और 1986-88 अवधि में क्रमशः 0.29-34.0 टन और 0.2-17.1 टन में विविध था और श्रृंगकाल दिसंबर-जनवरी की अवधि देखी गयी । जुलाई-सितंबर में भी अच्छी पकड प्राप्त होती थी ।

पी.सेमिसुलकाटस

पूरे वर्ष अधिक पविर्तनों के बिना यह मात्स्यिकी जारी रही । 1972-74 में औसत वार्षिक पकड प्रति घंटे 0.28 कि ग्रा की दर पर 15.2 टन थी जिसमें झींगों की प्रतिशतता 6.9% थी । 1986-88 में यह प्रति घंटे 0.13 कि ग्रा की दर पर 12.2 टन और झींगों की प्रतिशतता 2.6% थी । लगभग 85% *पी.सेमिसुलकाटस* मछली आनायों द्वारा प्राप्त हुई थी । मछली आनायों और चिंगट आनायों द्वारा प्राप्त झींगों की प्रतिशतता क्रमशः 3.1 और 1.1 थी । 1972-74 और 1986-88 की अवधि में माहिक पकड 0.01-6.95 टन और 0.03-4.53 टन में विविध थी । प्रचुरता जून-जुलाई और अक्तूबर में देखी गयी । दिसंबर-अप्रैल में पकड बहुत कम थी ।

पी. मोनोडोन

पी. मोनोडोन का वार्षिक अवतरण 1972-74 की अवधि में प्रति घंटे 0.18 कि ग्रा की दर पर 9.86 टन आकलित किया था जो बाद में घटकर 1986-88 की अवधि में प्रति घंटे 0.04 कि ग्रा की दर पर 3.68 टन हो गयी । दोनों अवधियों में झींगों की प्रतिशतता क्रमशः 4.5% और 0.7% थी । लगभग 75% पकड मछली आनायों द्वारा प्राप्त हुई थी । मछली आनायों और चिंगट अनायों द्वारा झींगा पकड क्रमशः 0.9% और 0.7% थी । कुछ महीनों में यह जाति बिलकुल गायब या नगण्य थी । अधिकतम माहिक पकड 1972-74 में 5.4 टन और 1986-88 में 1.89 टन थी । अप्रैल-जून और नवंबर-जनवरी में इसकी प्रचुरता देखी गयी ।

एम. डोबसोनी

पूरे वर्षों में इसकी प्रचुरता देखी गयी । 1972-74 में प्रति घंटे 0.77 कि ग्रा की दर पर आकलित औसत वार्षिक पकड 41.9 टन में झींगों की प्रतिशतता 19.1% थी जो दुगुनी से भी बढकर 1986-88 की अवधि में प्रति घंटे 1.15 कि ग्रा की दर पर 110.1 टन तक बढ गयी । यह तटवर्ती जातियों में सब से प्रचुर थी । 90% से अधिक पकड मछली आनायों द्वारा प्राप्त हुई थी । मछली आनायों और चिंगट आनायों के ज़रिए झींगों की प्रतिशतता क्रमशः 68% और 2% थी । इस मात्स्यिकी में मौसमिक विविधता बहुत अधिक थी जो 1972-74 में 0.02-10.7 टन के बीच और 1986-88 में 0.07-75.3 टन के बीच थी । उच्च प्रचुरता जून-सितंबर में देखी गयी । दिसंबर-जनवरी की अवधि में भी पकड अच्छी थी ।

एम. मोनोसिरोस

एम. मोनोसिरोस ने 1972-74 और 1986-88 की अवधियों में अत्यधिक घटने पर भी वाणिज्यिक प्रमुख जाति का स्थान कायम रखा । 1972-74 की अवधि में वार्षिक औसत पकड प्रति घंटे 0.66 कि ग्रा की दर पर 35.6 टन थी । 1986-88 में यह कम हो गयी और प्रति घंटे 0.12 कि ग्रा की दर पर 11.9 टन की पकड रिकार्ड की । झींगों की प्रतिशतता 1972-74 में 16.2% और 1986-88 में 2.4% थी । 90% से अधिक पकड मछली आनायों के ज़रिए प्राप्त हुई । मछली आनाय और चिंगट आनाय के ज़रिए झींगे की प्रतिशतता क्रमशः 3.1 और 0.6 थी । मात्स्यिकी के अप्रैल - जून और नवंबर - फरवरी में दो श्रृंगकाल थे । अधिकतम माहिक पकड 1972-74 और 1986-88 में क्रमशः 7.86 टन और 4.63 टन थी ।

एम. मोगिन्सिस

यह जाति 1986-88 में काफी प्रचुर थी और इस अवधि में इसका औसत वार्षिक अवतरण प्रति घंटे 2.24 कि ग्रा की दर पर 215.1 टन था जिसमें झींगे 42.5% । 1972-74 में झींगे की प्रतिशतता केवल 0.6 थी । यह मात्स्यिकी मौसमिक थी कि 1972-74 की अवधि के कुछ महीनों की पकड में यह बिलकुल अनुपस्थित थी और अधिकतम पकड प्रति घंटे 0.69 कि ग्रा की दर पर 2.0 टन थी । 1986-88 में यह प्रति घंटे 10.86 कि ग्रा की दर में 94.0 टन बन गयी थी । इस जाति की उपस्थिति गहरे तलों में सीमित थी कि इसकी 99% मछली अनायों द्वारा पकडी गयी थी और चिंगट आनाय द्वारा 1.5% झींगे पकड प्राप्त हुई । मात्स्यिकी का उचित मौसम अप्रैल से सितंबर तक की अवधि देखा गया और 1986-87 अवधि के अगस्त में प्रचुरता अच्चतर थी । आद्र मौसम यानी अक्तूबर - फरवरी में पकड बहुत कम थी ।

एम. स्ट्रिडुलन्स

यह 1986-88 की और एक प्रचुर जाति थी । 1972-74 में प्रति घंटे 0.05 कि ग्रा की दर पर 2.62 टन के औसत वार्षिक पकड रिकार्ड की तो 1986-88 में यह बढकर प्रति घंटे 0.72 कि ग्रा की दर पर 68.4 टन बन गयी जिसमें झींगे की प्रतिशतता 13.5% थी । अवतरण का 99% मछली आनायों के ज़रिए प्राप्त हुआ था । मछली अनायों और चिंगट आनायों के ज़रिए कुल झींगा अवतरण क्रमशः 20.0% और 0.2% थे । गर्मी के मार्च-अगस्त महीनों में मात्स्यिकी उपस्थित थी । मात्स्यिकी की प्रुचरता 1972-74 में मार्च - अगस्त की अवधि में और 1986-88 में मई - जून की अवधि में देखी गयी ।

ट्राचीपेनिअस जाति

इस जाति में प्रमुखतः *टी. करविरोस्ट्रिस* उपस्थित थी और कुछ हद तक *टी.पेस्काडोरीनसिस* और *टी. सेडिलि* जो 1986-88 की पकड में काफी मात्रा में प्राप्त हुई थी । इसकी वार्षिक औसत पकड 1972-74 में प्रति घंटे 0.03 कि ग्रा की दर में 2.0 टन थी जो 1986-88 में बढकर प्रति घंटे 0.28 कि ग्रा की दर पर 25.0 टन तक बढ गयी । मछली आनायों के ज़रिए पकड 97.5% थी जिसमें इस जाति का योगदान 9.0% था। चिंगट आनायों के ज़रिए झींगा पकड 0.5% देखा गया । कई महीनों में यह जाति बिलकुल अप्रत्यक्ष या नगण्य देखी गयी, विशेषतः उच्च मानसून के महीनों में । 1972-74 में अधिकतम माहिक अवतरण 1.21 टन और प्रति एकक प्रयास पकड प्रति घंटे 0.24 कि ग्रा थी और 1986-88 में यह 14.98 टन और प्रति एकक प्रयास पकड प्रति घंटे 1.67 कि ग्रा थी । 1972-74 की अवधि में अगस्त-सितंबर और फरवरी - मार्च के दौरान दो श्रृंगकाल देखे गये और 1986-88 की अवधि में जुलाई-अगस्त और दिसंबर मात्स्यिकी के श्रृंगकाल थे ।

पी. माक्सिल्लिपेडो

पी. माक्सिल्लिपेडो की पकड भी 1986-88 की अवधि में वृद्धि पायी थी । इसका औसत वार्षिक अवतरण 1972-74 में 0.5% झींगे के साथ प्रति घंटे 0.03 कि ग्रा की दर पर 1.5 टन था जो 1986-88 में 2.4% झींगे के साथ प्रति घटे 0.13 कि ग्रा की दर पर 12.1 टन की कहने योग्य वृद्धि दिखायी थी । इसकी 70% पकड चिंगट आनायों के ज़रिए और 30% मछली अनायों के ज़रिए प्राप्त हुई थी और क्रमशः झींगे पकड की प्रतिशतता 5.0% और 1.0% थी । आद्र मौसम में मात्स्यिकी प्रचुर थी । अधिकतम माहिक अवतरण 1972-74 में 0.35 टन और 1986-88 में 7.2 टन थे ।

अन्य जाति

इस क्षेत्र की झींगा मात्स्यिकी में देखी गयी अन्य गौण जातियों में *पी. स्टाइलिफेरा* प्रमुख थी । *पी. कोरामान्डालिका, पी. जापोनिकस, पी. कानालिकुलाटस* और *पी. लाटिसुल्काटस, एम. अफिनिस, एम. मोयिबी, एम. लाइसिनास्सा, एस. क्रास्सिकोरनिस* और *पी. अक्लिवाइरोस्ट्रिस* भी कभी कभी मात्स्यिकी में उपस्थित थी ।

चर्चा

वर्ष 1972-74 और 1986-88 की डाटा कूडल्लूर में उत्पादकीय झींगा मत्स्यन तल की उपस्थिति की सूचना देती है । गहरे तलों में मत्स्यन व्यापक करने के कारण 1972-74 की प्रमुख तटवर्ती जाति *पी. इन्डिकस* और *एम. डोबसोनी* को पीछे मारकर 1986-88 में गहरी जाति *एम.मोगिनसिस, एम. स्ट्रिडुलन्स* और *ट्राचीपेनियस* आगे बढी । फिर भी तटवर्ती जातियाँ अपनी लाभ कारी स्थिति कायम रखी । 1970 दशक के अंत में कूडल्लूर के दक्षिण स्थित मंडपम में *मेटापेनिअस* जाति के प्रवेश की परोक्ष रिपोर्ट नन्दकुमार (1978) ने दी थी, जो 1990 दशक के मध्य में इस क्षेत्र की झींगा पकड में सबसे प्रमुख देखी गयी थी । इन दो पडोसी क्षेत्रों की मूल जातियाँ भिन्न थी । कूडल्लूर की झींगा पकड में *एम.मोगिनसिस* प्रमुख थी और *एम. स्ट्रिडुलान्स* भी कहने योग्य मात्रा में उपस्थित थी जबकि मंडपम में *एम. स्ट्रिडुलन्स* प्रमुख थी और *एम. मोगिनसिस* नगण्य ।

इस क्षेत्र की मात्स्यिकी की विशेषता जातियों का बाहुल्य है, जिनमें अधिकतर वाणिज्यिक मूल्य की थी और प्रचुर मात्रा में उपस्थित भी थी । जैसे *पी.इन्डिकस, एम.डोबसोनी* की प्रचुरता और *एम. मोनोसिरोस* और पी. *सेमिसुलकाटस* की उपस्थिति । उत्तर दिशा में आन्ध्रप्रदेश तट के दक्षिण सीमा तक जाति वितरण उपर्युक्त प्रकार ही है और इसके आगे *एम. मोनोसिरोस* प्रमुख स्थान में आती है । तटवर्ती क्षेत्रों का अतिमत्स्यन और परंपरागत चिंगट आनायों के प्रौद्योगिकीकरण संपदाओं की घटती और इसलिए अतिरिक्त संपदाओं के विदोहन के कारण बन गये । परिणामतः गहरे तलों में प्रचालन करने लायक मछली आनायों की प्रस्तुती हुई जिसका मुख्य लक्ष्य मछलियाँ थी । लेकिन इन आनायों में उथले जलक्षेत्र में वाणिज्यिक प्रमुख *पी. इन्डिकस* की पकड में हुई घटती के मुआवज़ा के रूप में *मेटापेनिअस* और *ट्राचीपेनिअस* जाति के झींगों की भारी मात्रा में पकड मिली । विभिन्न गहराई के क्षेत्रों में विकल्पतः चिंगट आनाय और मछली आनाय जाल उपयोग करनेवाला एक ही आनाय दोनों यानी उथले और गहरे तलों की संपदाओं पर लक्ष्य करके उपयोग करने से मत्स्यन दबाव कम हो जाता है । आगे मौसमिक विभिन्नता जैसी आद्र मौसमों में उथला जल जातियों की अधिकता और गर्मी मौसमों में गहरे जल जातियों की अधिकता मौसमिक मत्स्यन में ध्यान देने केलिए प्रेरित करती है । फलतः अब तक बुरी तरह विदोहित संपदाओं के पुनरुत्पादन केलिए काफी समय मिलता है । मछली - आनाय जालों के जालाक्षि आयाम निर्धारित करने के बारे में सामान्य राय यह है कि पेनिआइडों के रूप और उपांगें ऐसी है कि जालाक्षि आयाम के निर्धारण का प्रभाव साधारणताया पेनिआइडों पर नहीं पडता ।

944 टूटिकोरिन के आनाय तल के श्वेत झींगा *पेनिअस इन्डिकस* की मात्स्यिकी

एम. राजामणि और एम. माणिक्कराजा
सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन

आमुख

श्वेत झींगा *पेनिअस इन्डिकस एच.मिलिन* एड्वेड्स भारत महासमुद्र के किनारे पर बसे विभिन्न राष्ट्रों की वाणिज्यिक मात्स्यिकी को बनाये रखने वाली प्रमुख समुद्री झींगा संपदाओं में एक है । भारत में टूटिकोरिन से चिल्का तक के पूर्वी तट पर इस जाति अधिक पायी जाती है और कन्याकुमारी से कारवार तक के पश्चिम तट में इसकी उपस्थिति गौण होती है । टूटिकोरिन में इस जाति का विदोहन प्रमुखतः ट्रॉल जाल और गिल जाल से किया जाता है । यह लेख टूटिकोरिन मात्स्यिकी पोताश्रय में 1986 से 1991 तक के पाँच वर्षों में यंत्रीकृत अनायों द्वारा प्राप्त *पी. इन्डिकस* की मात्स्यिकी पर आधारित है ।

डाटा

इस संपदा का विदोहन प्रमुखतः टूटिकोरिन के दक्षिण में मान्नार की खाडी पर स्थित पिन्नकायल और मनपाड से 14 मी लंबाई के यंत्रीकृत अनायों से कोड एन्ड पर 20 मि मी जालाक्षि आयाम वाले चिंगट जालों के ज़रिए किया जाता है । प्रचालन क्षेत्र की गहराई 20 से 60 मी के बीच विविध होती है । टूटिकोरिन पोताश्रय से प्रचालन केलिए सबेरे निकलेवाले आनाय रात में वापस आते है । इन यंत्रीकृत ट्रालरों के अवतरण में मात्रा की दृष्टि से *पी. इन्डिकस* का स्थान केवल दूसरा है । मात्रा में प्रथम स्थान हरित टाइगर झींगा *पी. सेमिसुलकाटस* का होता है । इसकी मात्स्यिकी पर राजामणी और माणिक्कराजा की रिपोर्ट समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा, तकनीकी अंकावली 140 में दी जा चुकी है । आगे *पी. इन्डिकस* के पकड और प्रयास, कुल झींगा पकड में *पी. इन्डिकस* का मिश्रण, आयाम वितरण, लिंग अनुपात, परिपक्वता आदि पर किये गये अध्ययन पर यहाँ विचार किया गया है ।

पकड और प्रयास

उपर्युक्त पाँच वर्ष की अवधि में टूटिकोरिन मात्स्यिकी पोताश्रय से *पी. इन्डिकस* का औसत वार्षिक अवतरण केवल 20.2 टन (कुल झींगा पकड के 8.0%) था । 1986-87 में अवतरण 11.6 टन था जो क्रमशः बढकर 1990-91 में 34.0 टन तक हो या था । प्रति प्रयास वार्षिक पकड 1987-88 के 0.6 कि ग्रा से 1990-91 में 1.9 कि ग्रा के बीच विविध थी और प्रति प्रयास औसत पकड 1.0 कि ग्रा थी

कुल पकड में *पी. इन्डिकस* का मिश्रण

पाँच वर्ष की अवधि में *पी. इन्डिकस* का वार्षिक मिश्रण न्यूनतम 8.0% के औसत मिश्रण के साथ 1987-88 के न्यूनतम 4.7% से 1990-91 के 15.0% तक बढ गया । केवल दो सालों यानी 1986-87 और 1990-91 में मिश्रण 10% पार किया था । यह देखा गया कि अधिकतम मिश्रण जून में था । अप्रैल में *पी. इन्डिकस* मिश्रण 4.5% से बढकर जून में अधिकतम 16.4% तक हो गया और जुलाई में 13.1% में घटकर मार्जिनल घटती दिखाई । इसके बाद शीघ्र घटती दिखाकर अगस्त में 2.4% और सितंबर में 1.9% बन गया । नवंबर से जनवरी

तक *पी. इन्डिकस* का संतुलित मिश्रण देखा गया और मार्च में यह 7.4% और 9.0% के बीच विविध था । यहाँ यह सूचित करना ठीक होगा कि 1989-90 के दौरान सितंबर में, 1987-88 के दौरान अक्तूबर में, 1986-87 के दौरान जनवरी में और 1990-91 के दौरान जनवरी और फरपरी में *पी.इन्डिकस* का अवतरण नगण्य था ।

आकार-आवृत्ति वितरण

पाँच वर्षों की अध्ययनावधि के दौरान आनायों द्वारा अवतरण किये गये *पी. इन्डिकस* नर और मादाओं का आकार क्रमशः 93 से 202 मि मी के बीच और 95 और 216 मि मी के बीच विविध था । अध्ययन से देखा गया कि मई, नवंबर और दिसंबर के अवतरण में 100 मि मी से कम लंबाई के नर *पी इन्डिकस* उपस्थित थे । ऐसी स्थिति मादाओं के मामले में केवल नवंबर में ही देखी गयी थी । 200 मि मी से अधिक आकार के बडे नर झींगे मार्च की पकड में प्राप्त हुए तो जून, अगस्त, नवंबर और मार्च में इस आकार के मादा झींगे प्राप्त हुई थी । नर और मादाओं के वार्षिक - अवृत्ति वितरण के अध्ययन से देखा गया कि अवतरण में बहुविध आयाम के झींगे उपलब्ध थे और इन में अधिकांश नर 123-143 मि मी के और मादा 128-148 मि मी आयाम रेंच के थे । मात्स्यिकी के श्रृंगकाल के दौरान यानी जून - जूलाई में 160-190 मि मी के आयाम रेंच के बडे झींगे पकड में अधिक थे । नवंबर, दिसंबर और मार्च की पकड में छोटे आयाम के झींगे प्राप्त हुए थे ।

लिंग अनुपात और परिपक्वता की अवस्थाएं

प्रथम चार सालों की पकड में मादाएं प्रचुर थी । कुल पकड के 53.3% तक मादाओं का योगदान स्पष्ट था । परिपक्वता 128 मि मी से अधिक लंबाईवालों में ही देखी गयी । यद्यपि 156-175 मि मी लंबाई के मादाओं में लगभग आधा अंडजनन किए झींगे थे । उपर्युक्त पाँच वर्षों की परिपक्व और अंडे दी गयी मादाओं की उपस्थिति क्रमशः 29.9% और 30.7% होकर विचारणीय थी । अपरिपक्व मादाएं जून से अक्तूबर तक की अवधि में 10.0% से कम थी । जून - अगस्त की अवधि प्रमुख अंडजननकाल देखा गया ।

सामान्य अभ्युक्तियाँ

वर्तमान निरीक्षण व्यक्त करता है कि टूटिकोरिन में *पी. इन्डिकस* 8.0% के औसत वार्षिक मिश्रण के साथ मामूली थी । इस संपदा का औसत माहिक मिश्रण जून और जुलाई में ही 10% पार किया था । बडे आकार की मादाएं जुन से अगस्त तक की पकड में ही देखी गयी थी । इन महीनों के दौरान मत्स्यन प्रचालन मणपाड में होता था और कभी मणपाड के दक्षिण पेरियतलाई तक प्रचालन केलिए जाते थे । अगस्त तक मौसम खत्म होते ही प्रचालन टूटिकोरिन और पिन्नक्कायल के तटों में किया जाता था ।

सी एम एफ आर आइ द्वारा पहले चलाये गये टैगिंग परीक्षणों ने व्यक्त किया है कि *पी. इन्डिकस* दक्षिण - पश्चिम मानसून के दौरान पश्चिम तट से पूर्वी तट की ओर प्रवास करते है । कोचीन में टैंग करके छोडे गये झींगों को मान्नार की खाडी में आवरी और पेरियतलाई से दुबारा प्राप्त हुआ था ।

इस प्रकार वर्तमान निरीक्षण यह व्यक्त करता है कि टूटिकोरिन में *पी.इन्डिकस* की आनाय मात्स्यिकी प्रमुखतः दक्षिण - पश्चिम मानसून के दौरान दक्षिण - पश्चिम पट से प्रवास करने वाले स्टॉक पर आश्रित है । इसके साथ स्थानीय संपदा की संख्या का योगदान भी है जो बाकी महीनों में मात्स्यिकी को जारी रखती है ।

945 मान्नार की खाडी में समुद्री अर्चिनों का निष्कास

जेस्सी शेल्वामणी

सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन

मान्नार की खाडी जीव-विविधता से समृद्ध है कि यहाँ विभिन्न प्रकार की पख मछलियों, कवचप्राणियों, मलस्क, शूलचर्मियों और शैवालों की उपस्थिति है । यहाँ तटीय, अपतटीय और गहरे जलक्षेत्रों में तरह-तरह के संभारों और यानों के ज़रिए विभिन्न प्रकार के मत्स्यन भी होता है । यहाँ के गाँवों के मछुआरे उद्यमशील और संभार और यानों का संशोधन करके नये मत्स्यन तरीकायें स्वीकारने में उत्सुक भी है ।

वेल्लापट्टि और तरुवायकुलम टूटिकोरिन से क्रमशः 9 कि मी और 12 कि मी उत्तर स्थित मत्स्यन केंद्र है । वेल्लापट्टि के मछुआरे प्रमुखतः कर्कट और महाचिंगट मत्स्यन में लगे रहते है । यहाँ से प्रति दिन 28-32 नाव मत्स्यन केलिए जाती है । प्रत्येक नाव कर्कट जालों की 5-8 पोटली ले जाती है। एक पोटली में 6¹ लंबाई के 5-10 मोनोफिलमेन्ट नेट्टिंग टुकडे होते है । एक जाल में जोडे जानेवाले जाल टुकडों की संख्या मछुआरे की आर्थिक स्थिति पर आश्रित होती है । कर्कट जालों का उपयोग केवल कर्कटों को ही नहीं बल्कि महाचिंगटों को पकडने केलिए भी किया जाता है । मछुआरे अपराह्न तीन-पाँच बजे समुद्र की ओर प्रस्ताव करके 10-12 फैदम की गहराई में जाल स्थापित करके वापस आते है । अगले दिन प्रातः जाकर जाल खींचते है । पकड को उपपकडों से अलग करते है । उपपकडों को साधारणतया तट में ही फेंक देते है । महाचिंगटों को बहुत सतर्कता से जीवित अवस्था में तट पर लाते है । मान्नार खाडी की छह उथला जल महाचिंगट जातियों में से वाणिज्यिक मात्रा में विदोहित तीन जातियाँ है *पान्यूलिरस होमोरस, पी. ओरनाटस* और *पी.वर्सिकोलर* ।

महाचिंगटों और कर्कटों को स्थानीय या पोत मालिकों द्वारा नीलाम किया जाता है । महाचिंगट पकड प्रति दिन 3 से 12 कि ग्रा तक होती है । महाचिंगटों का वर्तमान भाव निम्न प्रकार है ।

भार (ग्रा. में)	प्रति टुकडे भाव
100-200	300/-रु
200-400	425/-रु
400-500	500-700/-रु
500 और इससे ऊपर	800/-रु, और अधिक

नीलाम के बाद नीलामकार महाचिंगटों को अधिक समय जीवित रहने केलिए आद्र रेत डाले पात्र में डालते है । प्रमुख महाचिंगट अवतरण केंद्र कायलपट्टिनम के निकट संसाधन केंद्रों की सुविधा होने के कारण महाचिंगटों को समुद्रजल भरे प्लास्टिक पात्रों में डालकर वातन देते हुए जीवित रखते है । इस उद्देश्य से वातन और समुद्र जल परिवर्तन की सुविधावाले टैंकों का निर्माण यहाँ हुआ है ।

महाचिंगट मात्स्यिकी के पकड और विपणन से मछुआरे पैसा कमाते है । मात्रा में कम होने पर सी उच्च मूल्य के कारण महाचिंगट मात्स्यकी लाभकारी है । महाचिंगट मांसाहारी होते है । संवर्धन प्रणाली में इनका मुख्य खाद्य मलस्क मांस, ट्राश मछली, स्क्विडों का सिर आदि है । पूर्वी कैनडा में यह रिपोर्ट की गयी है कि महाचिंगट *होमारस अमेरिकानस* समुद्री अर्चिन *स्ट्रोंगिलियोसेन्ट्रोटस ड्रोइबाकियेनसिस की* भक्षी है । प्रयोगशाला में भी होमारस जाति के लिए समुद्री अर्चिन अत्यधिक उपयुक्त खाद्य है । ऑस्ट्रेलियन जलक्षेत्र में निम्न ज्वार से 30 मी तक की गहराई में रहनेवाली *फॉलियम अरियोला* अपनी प्रोथ ग्रंथी से विष निस्रवित करके अर्चिन को गतिहीन करके खाते है । कभी कभी विष के प्रभाव से समुद्री अर्चिन काँटे बाहर निकल जाते है ।

वेल्लापाट्टी में कर्कट/महाचिंगट जालों में उपपकड के रूप में लगभग 5-35 वयलेट समुद्री अर्चिन प्राप्त होते हुए देखा । समुद्री अर्चिन का औसत आयाम 2.9-5.1 से मी और भार 50-150

ग्रा के बीच था । तरुवाय्कुलम में भी समान स्थिति थी और इन समुद्री अर्चिनों को जाल से निकालकर तट पर फेंक दिया ।

यहाँ यह सूचित करना है कि कर्कटों और महाचिंगटों केलिए उपयोगित सेट नेट मत्स्यन मछलियों केलिए प्रयुक्त सेट गिल नेट्टिंग से भिन्न है । सेट गिल नेट्टिंग में तेज़ गतिवाली मछलियाँ टकराती है और गिल में फंस जाती है । लेकिन सेट नेट में कर्कट/महाचिंगट/उपपकड जाल को एक अतिरिक्त जीविका क्षेत्र मानकर जाल पर चढते है और जाल खींचते वक्त अपने पैरों से जाल को और भी कसकर पकडते है और पकडे जाते है । मछुआरों की राय में जाल नए होते तो इसमें फंस जाने वाली जीवियों के लिए स्पष्ट दुश्यमान होते है और पकड भी अच्छी मिलती है ।

कर्कट, महाचिंगट और उपपकड सेट जाल में पकडे जाने से यह व्यक्त हो जाता है कि ये एक ही स्थान में रहते है । यहाँ महाचिंगटों की उपस्थिति उचित आवास स्थान के कारण ही नहीं बल्कि उचित खाद्य समुद्री अर्चिनों की उपस्थिति से भी है । अतः समुद्री अर्चिनों का नाश कम पकड में परिणत हो सकता है ।

राधाकृष्णन ने 1995 में रिपोर्ट की कि महाचिंगटों का वार्षिक अवतरण घटती की ओर है । 1997 में भारत में महाचिंगट अवतरण 2787 टन था और 1998 में यह 2611 टन में घट गया । इसके कारणों में एक मछुआरों द्वारा महाचिंगट तल से इसके प्रमुख खाद्य समुद्री अर्चिनों का निकालना ज़रुर होगा ।

महाचिंगटों के उत्पादन बढाने के लिए पकडे गये समुद्री अर्चिनों को समय पर समुद्र में वापस करने के लिए उचित कदम उठना अनिवार्य है । महाचिंगट-अर्चिन के बीच का पारस्परिक सम्बन्ध मछुआरों को समझाना चाहिए । उन में समुद्र और समुद्र जीवों के बारे में पर्याप्त ज्ञान जगाना अनिवार्य है कि मत्स्यन तल सिर्फ शिकार क्षेत्र नहीं है बल्कि अपना जीविकार्जन का क्षेत्र भी है ।

946 बोटमसेट गिलजालों में बृहत् आकार के "कोत" *ओटोलिथोइड्स बाइरिट्स* का अवतरण

दक्षिण गुजरात तट में गिल जाल मत्स्यन ओ बी एम एककों द्वारा किया जाता है । दियू में अक्तूबर-नवंबर महीनों में विशेषतः दीपावली के बाद इन एककों का प्रचालन अक्सर होता है । बरोली, दामन, सत्पदी, वत्साद और उम्मरगॉन से लगभग 20-25 एकक यहाँ से प्रचालन करते है । साधारणतया ये प्रचालन ओका-द्वारका-मांग्रोल क्षेत्रों में पाम्फ्रेटों केलिए किये जाने वाला मोनोफिलमेन्ट गिल जाल मत्स्यन प्रारंभ करने के बाद दिसंबर तक किया जाता है ।

जाफराबाद में जडा जाल मात्स्यिकी अधिक प्रचालित है जो 15-20 मी की गहराई में की जाती है । मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में यह मत्स्यन होता है । साधारणतया मार्च - अप्रैल में मोनोफिल्मेन्ट गिल जोलों द्वारा पाम्फ्रेटों की अच्छी पकड प्राप्त होती है, जब कि बोटम सेट गिल जालों के ज़रिए मार्च महीने के अंत में और अप्रैल के प्रारंभ में बडे आकार के सिएनिड्स, पेर्च, शिंगटियाँ और सर्पमीन प्राप्त होती है ।

ओटोलिथोइड्स बाइरिट्स जिसे "कोत" पुकारते है, उत्तर पश्चिम तट की एक प्रमुख संपदा है । वेरावल की आनाय पकड की पूर्व रिपोर्ट के अनुसार यहाँ कोत की ज्यादातर किशोरों और छोटी मात्रा में परिपक्व मछलियों की एक स्थायी मात्स्यिकी है । डोल जाल में किशोरों के साथ कोत की पकड बहुत कम थी । आनाय पकड में "कोत" की प्रचुरता द्वारका से दिसंबर, जनवरी और फरवरी के महीनों में रिपोर्ट की गयी है । मार्च - अप्रैल के दौरान बडे पॉलिनेमिड्स और सिएनिड्स केलिए बोटमसेट गिलजाल मात्स्यिकी के बारे में पहले कुछ कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट की थी । वर्तमान निरीक्षण में इसी अवधि में कोत की समान मात्स्यिकी जाफराबाद में देखी गयी और अप्रैल, 1999 में दियू अवतरण केंद्र में 1000 मि मी से भी बडे आयाम की कोत भारी संख्या में प्राप्त हुई थी ।

प्रति पोत का अवतरण विविध था और एक पोत में लगभग 42 कोत मछली प्राप्त हुई थी । पकड में बाकी सर्पमीन और शिंगटियाँ थी । पहले किये गये सर्वेक्षणों के अनुसार दियू में ग्रीष्म के दौरान इस तरह के बडे ब्रोन्ज़ क्रोकेर्स जिसे कुटिया पुकारते है, का अवतरण एक सामान्य बात है । वर्तमान नमूने की औसत लंबाई 1216.19 मि मी और औसत भार 14.29 कि ग्रा था ।

स्वर्ण पीत रंग के अधरें और ईट रंग के पुच्छ के साथ मछली तेज कांस्यवर्ण की थी । इसके लंबे वायु आशय जिसे पोट्ट कहते है, बाहर निकालकर, सुखाकर बेच दिया । मांस प्रति कि ग्रा 22.25/-रु मूल्य के होता है । यहाँ आनाय पकडों में तलमज्जी मात्स्यिकी की प्रमुखता होने पर भी दियू में 15-20 मी के जलक्षेत्र से परिपक्व मछलियों का इस प्रकार का अवतरण एक अपूर्व घटना है । मछलियों को तट पर लाने के पहले ही आंतडियाँ और वायु आशय निकालने के कारण लिंग अनुपात और परिपक्वता संबंधी सूचना एकत्रित नहीं कर पायी, फिर भी इस प्रकार का समूहन प्रजनन/खाद्य संबंधी आवश्यकताओं केलिए ही होगा। जाफराबाद तल छोटे नॉन-पेनिअइडों और करिडियन चिंगटों और छोटी मछलियों से संपुष्ट है जो इन मछलियों केलिए उचित खाद्य है । बेडी पत्तन में इस जाति की पुनरुत्पादन जैविकी पर चलाये गये निरीक्षण सूचित करता है कि इस प्रकार की परिपक्व मछलियों का समूहन इसकी जैविकी में अनोखी घटना है और इसका संबन्ध अंडजनन प्रवास से जोडना उचित होगा । प्रथम परिपक्व अवस्था में *ओ बाइरिट्स* की लंबाई कुट्टी (1967) के अनुसार निकटतम 1200 मि मी है और इस आकार की मछलियाँ चार या इससे ज्यादा वर्षों की आयु की होती है । वर्तमान अध्ययन के अनुसार मानसूनोत्तर मौसम में अपतटीय जलक्षेत्रों में *ओ.बाइरिट्स* का केंद्रीकरण प्रजनन संबंधी तैयारियों केलिए होता है । "कोत" का अंडजनन मान्सून के मध्य/अंत में प्रारंभ होकर छह महीने तक लंबित होता है ।

सी एम एफ आर आइ के वेरावल अनुसंधान केंद्र, वेरावल, के शोभा जे. किप़्कूडन और जो. के. किप़्कूडन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

947 पाक खाडी पर मुत्तुवडुगनाथपट्टनम में पॉम्फ्रेट का असाधारण अवतरण

मुत्तुवडुगनाथपट्टनम अवतरण केंद्र में 22.2.2000 को मात्स्यिकी सर्वेक्षण डाटा संग्रहण करते वक्त लगभग एक टन पॉम्फ्रेट का अवतरण हुआ । उसी दिन लगभग 90 आनायों का प्रचालन किया था और 60% एककों में पॉम्फ्रेट पकड देखी गयी । पकड औसत 17 कि ग्रा के साथ 3-50 कि ग्रा में विविधि थी । इनको तट से पूर्वी दिशा में 20 कि मी दूर और 13 मी गहराई से पकडे गये थे । इस अवतरण केंद्र में पॉम्फ्रेटों का इस प्रकार का अवतरण इसके पहले कभी नहीं हुआ है इसलिए यह असाधारण घटना होती है । नमूने की लंबाई 15-20 से मी रेंच में और भार 250-800 ग्रा के बीच के रेंच में था । इसकी दाम प्रति कि ग्रा 100/- रु थी और पकडी गयी जाति *पाम्पस आरजेन्टस* थी ।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैंप के मुत्तय्या की रिपोर्ट

948 कालिकट से पकडा गया बम्बिल *हार्पोडॉन नेहेरियस*

कालिकट के क्वयलॉन्डी में 1999 अगस्त 16 को 2 और 3 मी गहराई में प्रचालित चालवला में एक बम्बिल *हार्पोडॉन नेहेरियस* का अवतरण हुआ । जाल का प्रचालन अपराह्न के समय डगआउट डोंगियों के ज़रिए किया था । जाल में बम्बिल के साथ कुछ करैंजिड जातियाँ और कर्कट भी प्राप्त हुए थे । मानक लंबाई 177 मि मी के साथ इसकी लंबाई 215 मि मी थी । मलबार क्षेत्र से बम्बिल पकड पर अभी तक कोई रिकार्ड नहीं है । इस नमूने को सी एम एफ आर आइ के अनुसंधान केंद्र के संग्रहालय में रख दिया गया है ।

सी एम एफ आर आइ के कालिकट अनुसंधान केंद्र, कालिकट के सी.के कृष्णन की रिपोर्ट

949 मिनिकोय द्वीप में एक हरित कच्छप *कीलोनिया मिडास का धंसन*

लक्षद्वीप पोताश्रय से 1 कि मी दक्षिण में 10-8-98 को एक हरित कच्छप को तट पर धंसा हुआ देखा । इसके पृष्ठवर्म में 25 से मी की एक गहरी चोट थी । इसके गले के भाग में दिखाई पडी चोट से आन्तरी भाग बाहर दृश्यमान था । ऐसा अनुमान है कि ये चोट एक पोत के प्रोपेल्लर से हुई होंगी । इसका शारीरिक मापन से मी में नीचे प्रस्तुत है ।

कुल लंबाई	-	150
पृष्ठवर्म की लंबाई	-	92
पृष्ठवर्म की चौडाई	-	81
अधरवर्म की लंबाइ	-	70
अधरवर्म की चौडाई	-	61
अग्र अरित्र की लंबाई	-	47
पश्च अरित्र की लंबाई	-	36
सिर की चौडाई	-	14
भार (कि ग्रा में) लगभग	-	100
लिंग	-	नर

लक्षद्वीप में कच्छपों का अवतरण और धंसन बहुत विरल है । यहाँ देखी गयी चार कच्छप जातियों में *कीलोनिया मिडास* सामान्य है जो द्वीपसमूहों में पायी जाती है । सुहेली, चेरियकरा और वलियकरा, बंगारम, तिन्नकरा और पटली में यह जाति नीडन करता है और नीडन अवधि जून-सितंबर होती है (भास्कर, 1984 सी एम एफ आर आइ स्पेश्यल पाब्लिकेशन 18:21-35) । मिनिकोय में इस जाति के हज़ारों नीडन की रिपोर्ट उपलब्ध है । लेकिन आज मानव आवास के कारण नीडन क्षेत्र काफी कम हो गया है । यद्यपि द्वीप के दक्षिणी और उत्तरी भागों से अंडे डालनेवाली मादाओं की उपस्थिति रिपोर्ट की गयी है । उत्तरी भाग में 15-10-98 को एक संगम जोडी को तट के बहुत निकट देखी गयी थी । यहाँ कुछ नीड देखे गये लेकिन इनमें अंडे नहीं थे । द्वीपवासियों का विश्वास है कि अंडे कर्कटों द्वारा खाये गये होंगे ।

सी एम एफ आर आइ के मिनिकोय अनुसंधान केंद्र, मिनिकोय के ए.के.वी नाज़र और सी.एन.हनीफ कोया की रीपोर्ट ।

950 मान्नार की खाडी पर टूटिकोरिन तट में रिस्सोस डॉलफिन और एक समुद्री गाय का धंसन

पुन्नैक्कायल में 26-6-99 को 10-15 मी गहराई में प्रचालित ड्रिफ्ट गिल जाल में एक रिस्सोस डॉलफिन *ग्राम्पस ग्रीस्यूस* कुविर 1812 आकस्मिकवश पकडा गया । यह 2.63 मी लंबाई और 210 कि ग्रा भार की एक मादा नमूना थी । मान्नार की खाडी में इस नमूने के धंसन के बारे में पूर्व रिपोर्ट नहीं है ।

इसके बाद 1-12-99 को टूटिकोरिन मात्स्यिकी पोताश्रय से भी 1.87 से मी लंबाई और 65 कि ग्रा भार के इसी प्रकार के एक नमूना प्राप्त हुआ । इसके शरीर पर कुछ गहरी चोट थी ।

टूटिकोरिन से 15 कि मी उत्तर स्थित तरुवायकुलम मत्स्यन गाँव में 14-1-2000 को 30-40 मी गहराई में प्रचालित ड्रिफ्ट गिल जाल (परुवलै) में 1.21 मी लंबाई और लगभग 30 कि ग्रा भार के एक नर समुद्री गाय *ड्यूगोंग ड्यूगोन* पकडा गया ।

पुन्नैक्कायल और टूटिकोरिन में धंसे *ग्राम्पस ग्रीस्यूस* का शारीरिक मापन(से मी में नीचे प्रस्तुत है ।)

कुल लंबाई	:	263	187
प्रोथ से पृष्ठारंभ तक	:	125	89
प्रोथ से आँख तक	:	34	29
प्रोथ से वात छिद्र तक	:	46	36
प्रोथ से अरित्रारंभ तक	:	47	38
ऊपरी हनु की लंबाई	:	29	22
अधो हनु की लंबाई	:	27	21
आँख का व्यास	:	3.5	3
अंतरा नेत्रकाटर की दूरी	:	54	39
प्रोथ से जननरंध्र तक	:	171	97
प्रोथ से गुदरंध्र तक	:	179	111
पृष्ठीय घेर	:	116	77
जननरंध्र घेर	:	59	34
अरित्र का घेर	:	106	81
ऊपरी हनु में दातों की संख्या	:	3+3	शून्य
पृष्ठीय आधार, ऊँचाई और	:	28,42,	12,36
आंतरी वक्रता	:	24	18
अरित्रीय आधार, ऊँचाई और	:	19.5, 46	12,36
आंतरी वक्रता	:	29	27
पुच्छीय पर्णाभ की लंबाई	:	64	40
लिंग	:	मादा	मादा
निकटतम भार	:	210 कि ग्रा	65 कि ग्रा

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन के टी.एस. बालसुब्रमण्यन और डी.सी.वी ईस्टर्सन की रिपोर्ट ।

A TRIBUTE TO THE RETIRING EDITOR

Dr. K.J. Mathew, Senior Scientist, C.M.F.R. Institute, Cochin is retiring on superannuation in December 2000 after contributing substantially to the publication wing of the Institute, besides his regular research contributions. He has been dedicated to the task of editing research publications for the last 16 years. His editorial skills are well reflected in the internationally acclaimed *Indian Journal of Fisheries* (Vol. 35-37 and 43-47 during 1988 to 1990 and 1996 to 2000) and the inhouse journal Marine Fisheries Information Services, Technical and Extension Series (No. 57 May 1984 to No. 166 Dec.2000). He was very meticulous in bringing out the publications on time with the contents arranged in the order of priority, importance and relevance to the end users. He never compromised on the quality of the research paper, insisted on brevity in content and took extreme care in the style of presentation and usage of language. He was instrumental in organising the First Workshop on Scientific Results of FORV *Sagar Sampada* and edited the proceedings. He also edited the Institute's Special Publications [Nos. 12 (revised), 50,51, 65 and 68]. The Institute would like to acknowledge the dedicated service he rendered to enhance the quality of research communications and to update the publications. The present MFIS issue being the last one edited by him, I feel that it is quite appropriate that we thank Dr. K.J. Mathew on behalf of CMFRI family through this column. Let us wish him a happy retired life. Thank you, Dr. Mathew; we will miss you.

PROF. (DR.) MOHAN JOSEPH MODAYIL
DIRECTOR

The Editor Retires



I thank the Director and all the readers for giving me an opportunity to serve them as Editor of MFIS since 1984. I also thank all those who helped me in successfully completing my mission.

Good bye
K.J. Mathew

Edited by Dr. K.J. Mathew, Ms. T.S. Naomi, Ms. P.J. Sheela,Ms. E. Sasikala and Ms. P.M.Geetha. Published by Dr. K.J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No. 1603, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014, Kerala, India. Printed at Cherrys Printers, Cochin - 682 017.

CONSULTANCY PROCESSING CELL

CENTRAL MARINE FISHERIES RESEARCH INSTITUTE, COCHIN

We offer

Consultancy services in

- Coastal zone and Marine environment-monitoring, Environment Impact Assessment, biodiversity,
- Fisheries –fishing impact assessment, underwater investigation, stock assessment, fishery forecasting, remote sensing, conservation & management, socio-economic evaluation,
- Coastal aquaculture –shellfish & finfish farming systems, hatchery technology, sea ranching and
- Trainings

For a wide spectrum of clients in private, quasi- government and government sectors at competitive rates

For details, write to

The Director,
Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No.1603, Cochin 682014, Kerala, INDIA
Telephone : (0484) 394867, 394357, 393192, 394794 ; Telegram : CADALMIN, ERNAKULUM
Fax : 0091 – 0484 – 394909 ; e – mail : mdcmfri@md2.vsnl.net.in



Underwater exploration — Biodiversity of Corals.